विभिन्न न्यायालयों में अनिर्णीत पड़े मुकदमे

4835 **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश के विभिन्न निचले न्यायालयों तथा उच्च न्यायालयों मे तीन वर्षों तथा अधिक समय से अनिर्णीत पड़े मुकदमों की संख्या कितनी है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : तारीख 31-12-1978 को देश के उच्च न्यायालयों मे ऐसे मामलों की संख्या, जो तीन वर्ष तथा इससे अधिक अवधि से लम्बित है, 193534 थी ।

देश के विभिन्न निचले न्यायालयों मे तीन वर्ष तथा इससे अधिक अवधि से लम्बित मामलों की संख्या उपलब्ध नही है । तथापि, तारीख 30-6-1978 को विभिन्न निचले न्यायालयों मे लम्बित कुल मामलों की संख्या संलग्न विवरण मे बताई गई है ।

विवरण

30-6-1978 को निचले न्यायालयों में लम्बित मामले

आपराधिक मामले —

सेशन न्यायालय	लम्बित मामलों की संख्या
मूल	68975
पुनरीक्षण	21104
अपील	43184
कुल	133263

1	2
मजिस्ट्रेट न्यायालय	
पुलिस चालान	2757897
परिवाद-मामले	1786328
कुल	4544225
सिविल मामले —	
मूल पक्ष	
नियमित वाद	1417002
प्रकीर्ण मामले	1214196
कुल	2631198
अपील पक्ष	
नियमित अपीलें	141156
प्रकीर्ण अपीलें	51862
कुल	193018
कुल जोड़	7501704

स्थानीय फिल्मों को सहायता देने सम्बन्धी योजना

4836. **श्री हरगोविन्द वर्मा :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने स्थानीय फिल्में बनाने के काम को प्रोत्साहित करने हेतु वित्तीय सहायता देने की कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजन के लिए विभिन्न राज्यों को अलग-अलग कितनी धनराशि दी गई और उसके उपयोग का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि उसका उपयोग नहीं किया गया तो सरकार ने उसका उपयोग करने हेतु क्या निदेश दिए है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

Survey in Andhra Coast

4837. SHRI K. SURYANARAYANA: Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILISERS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Oil and Natural Gas Commission has conducted the preliminary survey in Andhra Coast regarding the presence of oil and the report was sent to Singapore for further examination and formulation; and

(b) if so, the details of the report and the action taken by Government thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI NARSINGH YADAV) : (a) ONGC had conducted reconnaissance geophysical survey in Andhra coast off Vishakhapatnam—Madras during February to April, 1978. The geophysical data collected during this survey was sent to Singapore for its processing. The processed data has since been received by ONGC.

(b) The interpretation of the data by ONGC's scientists is in progress. A preliminary study of the data shows the possibility of presence of structures favourable for accumulation of hydrocarbons in relatively deeper waters in the offshore Godavari-Krishna area. Additional Geophysical survey is planned by ONGC during 1979 to delineate the structures and depending on the results of the survey, ONGC proposes to take up drilling during the later part of 1979/early 1980.

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का उत्तरी बंगाल में सिलीगुड़ी को बिजली की सप्लाई पर प्रभाव

4838 **श्री राजनारायण** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल किए जाने से सिलीगुड़ी पर जो उत्तरी बंगाल का सबसे बड़ा नगर है, बहुत अधिक कुप्रभाव पड़ा है,

(ख) क्या सिलीगुड़ी को बरौनी से 10 मेगावाट विद्युत सप्लाई की जाती है ; और

(ग) यदि हां, तो वहां विद्युत की कमी को दूर करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है और विद्युत कर्मचारियों की मांगें क्या है और उन पर सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० राम चन्द्रन) : (क) और (ख). बिहार राज्य बिजली बोर्ड मामान्यतया पश्चिम बंगाल को उत्तर बंगाल में स्थित दलकोला उप केन्द्र पर 10 मेगावाट विद्युत सप्लाई करता है। बिहार राज्य बिजली बोर्ड के कामगारों की हड़ताल के दौरान पारेषण लाइनों की तोड़फोड़ के कारण कुछ दिन तक उत्तर बंगाल की विद्युत सप्लाई प्रभावित रही । बोर्ड ने लाइनों की मरम्मत की और यथा संभव कम समय में विद्युत की सप्लाई बहाल कर दी ।

(ग) हड़ताल 18 मार्च, 1979 को वापस ले ली गई थी । कामगारों की मांगों पर गौर करने के लिए राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है ।